भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. **+2180**

सोमवार, 0**2** दिसम्बर, 2019/**11** अग्रहायण, 1941 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

स्वदेश दर्शन योजना की विशेषताएं

+2180. श्री ए॰ राजाः

श्री एस॰ रामलिंगमः

डॉ॰ कलानिधि वीरास्वामीः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्वदेश दर्शन योजना की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं;

(ख) क्या सरकार ने गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तमिलनाडु में समुद्र तटीय पर्यटन परियोजनाओं के विकास हेतु इस योजना के अंतर्गत निधि स्वीकृत की है और यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) तमिलनाडु में अब तक इस योजना के अंतर्गत तय किए गए लक्ष्यों और प्राप्त उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार को इस योजना में शामिल करने हेतु तमिलनाडु सरकार से समुद्र तटीय सर्किट, इको-सर्किट, धरोहर सर्किट और ग्रामीण सर्किट सहित कुछ अन्य प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) : पर्यटन मंत्रालय अपनी स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ देश में थीमेटिक परिपथों का विकास नियोजित तथा प्राथमिकता प्रदत्त तरीके से करता है:-

- परिपथ/गंतव्यों में विश्व स्तरीय अवसंरचना विकास द्वारा सतत् रूप से पर्यटक आकर्षणों को बढ़ाना।
- समुदाय आधारित विकास तथा गरीबोन्मुख पर्यटन अवधारणा का अनुपालन।
- आर्थिक विकास तथा रोजगार सृजन के प्रमुख इंजन के रूप में पर्यटन को स्थापित करना।

- थीम आधारित परिपथों के विकास द्वारा क्षमताओं को पूर्ण उपयोग करना तथा उपलब्ध अवसंरचना, राष्ट्रीय संस्कृति और विशेषता एवं पूरे देश के प्रत्येक क्षेत्र की महत्वपूर्ण विशिष्टताओं से पूर्ण लाभ लेना।

(ख) और (ग) : मंत्रालय ने वर्ष-2016-17 के दौरान 74.58 करोड़ रु. की लागत से तमिलनाडु में तटवर्तीय परिपथ का विकास की एक परियोजना: चेन्नई- मामल्लापुरम-रामेश्वरम-मंपाडू- कन्याकुमारी स्वीकृत की है। परियोजना कार्यान्वनाधीन है और इससे आगंतुकों को बेहतर पर्यटक सुविधाएं तथा अनुभव मिलने की प्रत्याशा है।

(घ) तथा (ड.) : तमिलनाडु राज्य सरकार ने योजना के तटवर्ती परिपथ, इको परिपथ, विरासत परिपथ तथा ग्रामीण परिपथ के अन्तर्गत कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है।

****